कार्यालय नगर पालिका परिषद, बिसौली (बदायूँ)

पत्रांकः—241 / न0पा0परि0बि0 / ई—नि0सू0 / 2026—27 / दिनांकः—30.06.2026

ई—निविदा सूचना

समस्त अर्ह फर्मों / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बिसौली द्वारा राज्य वित्त आयोग एवं नगर निधि के अन्तर्गत निर्माण कार्य एवं अधिष्ठापन कार्य कराये जाने हेतु ई—निविदा प्रणाली के अन्तर्गत ई—निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर **दिनांक 23.07.2026 को अपरान्ह 03.00 बजे** तक ई—निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं / निविदा शर्तों से सम्बन्धित समस्त प्रकार की जानकारी ई—निविदा पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर **दिनांक 02.07.2026 को प्रातः 09.00 बजे से** प्रसारित होगी तथा बिड अपलोड हेतु उपलब्ध रहेंगे तथा यदि उक्त निविदाओं / निविदा शर्तों / निविदा तिथियों में कोई संशोधन होता है, तो उसकी सूचना ई—निविदा पोर्टल के माध्यम से ही प्रसारित की जायेगी। निर्धारित तिथि / समय को प्राप्त ई—निविदायें निविदादाताओं एवं निविदा कमेटी के समक्ष **दिनांक 24.07.2026 को अपरान्ह 01.00 बजे** से खोली जायेगीं। उक्त से सम्बन्धित अन्य कोई जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद बिसौली से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। सक्षम अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी निविदा / समस्त निविदाओं को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

सूचित हों।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)

प्रतिलिपिः—
1. अपर जिलाधिकारी (प्र0) महोदय, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बदायूँ को सादर सूचनार्थ।
2. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, बदायूँ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया उक्त निविदा सूचना जनपदीय वेबसाईट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. विज्ञापन प्रबन्धक, **हिन्दुस्तान समाचार पत्र बरेली एवं अमर प्रभात समाचार** पत्र, को इस आशय से प्रेषित निविदा सूचना का कम से कम स्थान में सरकारी दरों पर प्रकाशन कर, बाद प्रकाशन अखबार की तीन प्रतियों सहित बिल वास्ते भुगतान हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करें।
4. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. कम्प्यूटर आपरेटर, नगर पालिका परिषद बिसौली को इस आशय से प्रेषित की उक्त निविदा को पालिका की वेबसाइड पर अपलोड किये जाने हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बिसौली (बदायूँ)